प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका में भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा 49वीं डिस्ट्रिक रैली और प्रदर्शनी का आयोजन

बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

चित्तरंजन,15.04.2024,; चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) स्थित स्काउट डेन परिसर में 12-14 अप्रैल तक तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड चित्तरंजन जिला द्वारा 49वीं डिस्ट्रिक रैली एवं आर्ट एंड क्राफ्ट वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नमिता मल्होत्रा ने किया। इस दौरान हनुमान चालीसा पर केंद्रित नृत्य और देश के विभिन्न प्रांतो के लोक नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों द्वारा मार्च पास्ट एवं कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चिरेका /महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नमिता मल्होत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ‘स्काउट एंड गाइड चिरेका के कार्यक्रम में मैं शामिल होकर काफी उत्साहित महसूस कर रही हूं। छोटी बुलबुल द्वारा उनका स्वागत और वेलकम बहुत ही एनर्जेटिक था। एग्जीबिशन में बच्चों ने बहुत ही सुंदर नीट हैंडीक्राफ्ट एक्जीबिट तैयार किए हुए हैं। यह सभी दृश्य को देखकर मन बहुत प्रसन्न हुआ। सभी स्काउट एंड गाइडस के सदस्यों को WWO CLW की ओर से सुंदर प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई’।

इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आर्ट एंड क्राफ्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को श्रीमती मल्होत्रा के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 14 अप्रैल को भी विविध रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक सह भारत स्काउट एंड गाइड के चीफ पेट्रोन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम के सोभा बढ़ाया । महाप्रबंधक महोदय के द्वारा ग्रैंड फायर का विधिवत उद्घाटन किया गया।
महाप्रबंधक महोदय ने उपस्थित स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आपकी सेवा बेमिसाल है।आपने समर्पण भाव से जो सेवा प्रदान किया है, यह तारीफ के काबिल है।

स्काउट एंड गाइड में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों को पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर चिरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती नमिता मल्होत्रा, संगठन की सदस्याएं,सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित भारत स्काउट एंड गाइड जिला चित्तरंजन के पदाधिकारी गण और सदस्य गण मौजूद थे। स्काउट एंड गाइड में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए श्री मल्होत्रा स्वयंसेवकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।